**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**03.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–आम जन को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करना व हरित परिवहन को बढ़ावा देना प्रदेश सरकार की है प्राथमिकता।

- सांसद सुरेश कश्यप का दावा–शहरी निकाय व पंचायती राज चुनावों के नतीजों के बाद भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में जीत करेगी हासिल।

- जनगणना–2027 के तहत प्रदेश में स्वगणना अभियान जारी–आम जनमानस स्वगणना पोर्टल पर अपनी जानकारी 15 जून तक ऑनलाइन कर सकते हैं दर्ज।

- कुल्लू जिला में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या में कमी लाने के लिए नसबंदी व एंटी रैबीज वैक्सीन अभियान जारी।

  और

- मौसम विभाग का आज से छह जून तक अधिकांश स्थानों पर वर्षा और अंधड़ का येलो अलर्ट।

**उपमुख्यमंत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें आमजन को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने का सर्वश्रेष्ठ साधन हैं। सोलन में पहुंची 80 इलैक्ट्रिक बसों का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार का उदेश्य एचआरटीसी को मजबूती प्रदान करने के साथ ही राज्य में हरित परिवहन को बढ़ावा देना है और इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ये इलेक्ट्रिक बसें यात्रियों की सुविधा के अनुसार बनवाई गई हैं और इसमें 32 आरामदायक सीटों के साथ सामान रखने का भी उचित प्रबंध होगा। उन्होंने कहा कि बसों के लिए चिन्हित स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए जा रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इन ई–बसों के रूट ट्रायल का कार्य पूरा हो चुका है।

**सुरेश कश्यप**

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में नगर निगम, नगर परिषद, जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के नतीजों ने साफ कर दिया है कि राज्य में कांग्रेस सरकार जनमत खो चुकी है। नाहन में मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है, जबकि भाजपा ने पूरे प्रदेश में जीत का परचम लहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव टालने के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले जो गारंटियां व वायदे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया, जिसके चलते जनता ने चुनाव में कांग्रेस को नकार दिया। उन्होंने दावा किया कि ये चुनावी नतीजे वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का रोडमैप है और भाजपा आगामी चुनाव में एकतरफा जीत हासिल करेगी।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आध्यात्मिक जागृति और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने की सराहना की है। कल शिमला में आध्यात्मिक वक्ता शिवानी के ध्यान व प्रवचन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ये संस्था वर्षों से सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और मूल्य आधारित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि ब्रहमाकुमारी लोगों को ध्यान, आत्मचिंतन और संतुलित जीवनशैली के माध्यम से आत्मजागरूकता विकसित करने में सहायता करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण समाज के लिए बेहद आवश्यक हैं।

**कांगड़ा प्रशासन**

कांगड़ा जिला के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि जनगणना लोकतंत्र की आधारशिला है और इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े देश व प्रदेश की नीतियों सहित विकास कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण का आधार बनते हैं। उन्होंने कहा कि आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, संसाधनों के वितरण व शहरी योजना जैसे अनेक क्षेत्रों में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका है। हेमराज बैरवा ने बताया कि जनगणना 2027 पहली बार डिजिटल माध्यमों से आयोजित की जा रही है, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित व पारदर्शी बनेगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के तहत चल रहे स्वगणना अभियान में आम जनमानस 15 जून तक स्वगणना पोर्टल पर लॉग इन कर घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकता है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में भी स्वगणना अभियान आरंभ किया गया है। हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक स्वगणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक के साथ साझा करना होगा। उन्होंने जिला के सभी नागरिकों से जनगणना 2027 के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेने का आहवान भी किया।

**शिवा प्रोजेक्ट**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बिलासपुर व सिरमौर जिलों में एचपी शिवा परियोजना की प्रगति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की कल शिमला में अध्यक्षता की। उन्होंने

बैठक में धरातल पर चले सिविल कार्यों की स्थिति, काम के दौरान पेश आ रही चुनौतियों, गुणवता और कार्यों को समय पर पूरा करने के संबंध में भी चर्चा की। जगत सिंह ने कहा कि संबंधित विभाग के सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 15 जून तक संतोषजनक प्रगति न होने की स्थिति में खराब प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर कांट्रेक्ट रद्द किए जाएंगे। बागवानी मंत्री ने कहा कि कार्य में गुणवता न होने पर संबंधित फर्मों के साथ–साथ देखरेख के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाएगी।

**एंटी रैबीज वैक्सीन**

कुल्लू जिले में रैबिज के मामलों को कम करने के उदेश्य से पशुपालन विभाग द्वारा आवारा कुत्तों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाने व नसबंदी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उदेश्य सड़कों पर कुत्तों की बढ़ती संख्या को कम करना और इनके द्वारा लोगों को काटने के मामलों में कमी लाना है। एक रिपोर्ट–

***डिस्पैच– कुल्लू जिला में रेबीज के मामलों को कम करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा पहल करते हुए मुहिम चलाई गई है स पशुपालन विभाग ने पिछले 5 माह के दौरान 4416 कुत्तों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई है, इसके अलावा 224 लावारिस कुत्तों की नसबंदी भी की गई है स विभाग ने वैक्सीनेशन और नसबंदी का कार्यक्रम जारी रखा है ताकि कुत्तों के काटने तथा सड़कों पर उनकी बढ़ती संख्या के मामलों में कमी लाई जा सके स विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिला में पशु चिकित्सालय मौहल के अलावा मनाली, रायसन व् बंजार चिकित्सालय को इस कार्यक्रम के तहत चयनित किया गया है स पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ अरूण शर्मा के अनुसार जिला के हर क्षेत्र में पालतू और लावारिस कुत्तों के नसबंदी और एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है ताकि रेबीज की बीमारी के खतरे को कम किया जा सके। आशीष शर्मा , आकाशवाणी समाचार कुल्लू।***

**वेव्ज**

प्रसार भारती के डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म–वेव्ज ओटीटी की नवम्बर 2024 में शुरूआत के दो वर्ष से भी कम समय में पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या एक करोड से अधिक हो गई है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया है कि देश के सार्वजनिक डिजिटल मीडिया तंत्र के विकास में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आगामी आठ जून तक मौसम खराब रहेगा। विभाग ने आज से छह जून तक राज्य के अलग–अलग स्थानों पर बारिश, अंधड़ व बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले दिनों प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में वर्षा व चोटियों पर हुए हिमपात से दिन व रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। खासतौर पर मैदानी व निचले क्षेत्रों में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल रही है। वहीं पहाड़ी इलाकों में मौसम हल्का ठंडा बना हुआ है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से सुर्खी दी है–**दूसरे राज्यों से ब्याह कर लाई महिलाओं को आरक्षण नहीं–जिस राज्य में कोई विस्थापित होता है, वहां उसे आरक्षण नहीं मिल सकता।** पंजाब केसरी ने पठानकोट–जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन पर लिखा है–**लगभग चार वर्ष के अंतराल के बाद बहाल हुई कांगड़ा घाटी रेल सेवा।** दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक–**कांगड़ा में नैरो गेज ट्रेन सेवा बहाल, अनुराग ठाकुर ने दिखाई हरी झंडी।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**शिमला में सील्ड सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोकने पर वकीलों का प्रदर्शन, मंत्री की गाड़ी का चालान कटवाया।**

बड़े अफसर घटाएंगे, कर्मचारी बढ़ाएंगे, शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–**मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बोले, हिमाचल में पुलिस कांस्टेबल के 800 और पद भरेंगे।** वहीं हिमाचल दस्तक के अनुसार–**अफसरों के काडर में कटौती कर निचले स्टाफ की ज्यादा भर्ती करेगी सरकार।** दैनिक भास्कर के शब्द हैं–**पूर्व सैनिकों की मानद नियुक्ति, 246 को बनाया हेड कांस्टेबल तो 115 बने एएसआई।**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–आम जन को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करना व हरित परिवहन को बढ़ावा देना प्रदेश सरकार की है प्राथमिकता।

- सांसद सुरेश कश्यप का दावा–शहरी निकाय व पंचायती राज चुनावों के नतीजों के बाद भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में जीत करेगी हासिल।

- जनगणना–2027 के तहत प्रदेश में स्वगणना अभियान जारी–आम जनमानस स्वगणना पोर्टल पर अपनी जानकारी 15 जून तक ऑनलाइन कर सकते हैं दर्ज।

- कुल्लू जिला में आवार कुत्तों की बढ़ती संख्या में कमी लाने के लिए नसबंदी व एंटी रैबीज वैक्सीन अभियान जारी।

  और

- मौसम विभाग का आज से छह जून तक अधिकांश स्थानों पर वर्षा और अंधड़ का येलो अलर्ट।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे, नमस्कार।**

ताजा समाचारों के लिए आप हमारे फेसबुक पेज ऑल इंडिया रेडियो न्यूज़ शिमला, एक्स हैंडल एट द रेट ए.आई.आर. न्यूज़ अंडर स्कोर शिमला और यू टयूब चैनल ए. आई. आर. शिमला न्यूज़ को फॉलो कर सकते हैं।